**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या. 222**
**(सोमवार, 01 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)**

**झारखंड में व्यय की गई कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि**

**222. श्री मनीष जायसवालः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने विगत दो वर्षों में झारखंड राज्य, विशेषकर हजारीबाग जिले में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत विभिन्न मदों पर व्यय किया है;

(ख) यदि हां, तो विगत दो वित्तीय वर्षों के दौरान झारखंड राज्य और हजारीबाग जिले में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न मदों पर व्यय की गई राशि का वर्ष-वार और मद-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र अपनाती है कि उक्त सीएसआर व्यय का उपयोग स्थानीय लोगों के वास्तविक विकास और कल्याण के लिए किया जाए और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क) और (ख):** सीएसआर ढांचा प्रकटीकरण आधारित है और सीएसआर अनिवार्य कंपनियों को एमसीए21 रजिस्ट्री में वार्षिक आधार पर सीएसआर कार्यकलापों का विवरण फ़ाइल करना अपेक्षित है। कंपनियों द्वारा एमसीए21 रजिस्ट्री में फ़ाइल सीएसआर से संबंधित सभी डाटा सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं और इसे www.csr.gov.in पर देखा जा सकता है। कंपनियों द्वारा एमसीए21 रजिस्ट्री में की गई वार्षिक फाइलिंग के आधार पर, पिछले दो वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्षों) अथार्त वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हजारीबाग सहित झारखंड के जिलों में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा किए गए सीएसआर व्यय को क्रमशः अनुलग्नक-I और II में संलग्न किया गया है। इसके अतिरिक्त, पिछले दो वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्षों) अथार्त वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान झारखंड राज्य में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा किए गए विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय को क्रमशः अनुलग्नक-III और IV में संलग्न किया गया है।

**(ग):** कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) का दर्शन लोक कल्याण और सेवाओं के वितरण में उनकी प्रबंधकीय दक्षता, सर्वोत्तम कार्यप्रणाली, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में कारपोरेट्स को भागीदार के रूप में शामिल करना है।

मौजूदा कानूनी प्रावधानों जैसे सीएसआर समिति का गठन, सीएसआर नीति का निर्माण, सीएसआर पर वार्षिक कार्य योजना, परियोजना और क्षेत्र की पहचान जहां परियोजना कार्यान्वित की जाएगी, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) द्वारा सीएसआर व्यय का प्रमाणन और सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीएसआर व्यय की लेखा परीक्षा आदि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त तंत्र प्रदान करते हैं। बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि अनुमोदित राशि निर्धारित कार्यकलाप (कार्यकलापों पर) पर व्यय किया गया है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**दिनांक 01.12.2025 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 के उत्तर में पैरा (क) और (ख) से संदर्भित अनुलग्नक**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए झारखंड में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा जिलावार सीएसआर व्यय। | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | जिलों का नाम | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 1. | बोकारो | - | - |
| 2. | चतरा | - | 0.42 |
| 3. | देवघर | - | - |
| 4. | धनबाद | 0.29 | - |
| 5. | दुमका | - | - |
| 6. | पूर्वी सिंहभूम | - | - |
| 7. | गढ़वा | - | - |
| 8. | गिरिडीह | - | - |
| 9. | गोड्डा | - | - |
| 10. | गुमला | - | - |
| 11. | हजारीबाग | - | - |
| 12. | जामताड़ा | - | - |
| 13. | खूंटी | - | - |
| 14. | कोडरमा | - | - |
| 15. | लातेहार | - | - |
| 16. | लोहरदगा | - | - |
| 17. | पाकुड़ | - | - |
| 18. | पलामू | - | - |
| 19. | रामगढ़ | - | - |
| 20. | रांची | 1.07 | 3.68 |
| 21. | साहेबगंज | - | 0.38 |
| 22. | सरायकेला खरसावां | - | |
| 23. | सिमडेगा | - | 0.27 |
| 24. | पश्चिम सिंहभूम | - | - |
| 25. | जिला अन्यत्र वर्गीकृत नहीं | 0.42 | 2.00 |
| कुल | | 1.78 | 6.75 |

(31.03.2025 तक के आंकड़े) [स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ]

*****

अनुलग्नक-II

**दिनांक 01.12.2025 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 के उत्तर में पैरा (क) और (ख) से संदर्भित अनुलग्नक**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए झारखंड में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा जिलावार सीएसआर व्यय** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **जिलों का नाम** | **वित्तीय वर्ष 2022-23** | **वित्त वर्ष 2023-24** |
| 1. | बोकारो | 0.96 | 1.56 |
| 2. | चतरा | 2.13 | 3.53 |
| 3. | देवघर | 0.94 | - |
| 4. | धनबाद | - | - |
| 5. | दुमका | - | - |
| 6. | पूर्वी सिंहभूम | - | 1.05 |
| 7. | गढ़वा | - | 0.16 |
| 8. | गिरिडीह | 0.37 | 0.91 |
| 9. | गोड्डा | - | - |
| 10. | गुमला | - | - |
| 11. | हजारीबाग | 1.03 | 5.39 |
| 12. | जामताड़ा | - | - |
| 13. | खूंटी | - | - |
| 14. | कोडरमा | 0.54 | 0.17 |
| 15. | लातेहार | 0.20 | 0.98 |
| 16. | लोहरदगा | - | 0.09 |
| 17. | पाकुड़ | - | - |
| 18. | पलामू | - | 0.95 |
| 19. | रामगढ़ | - | |
| 20. | रांची | 13.84 | 23.35 |
| 21. | साहेबगंज | - | |
| 22. | सरायकेला खरसावां | - | 0.42 |
| 23. | सिमडेगा | - | - |
| 24. | पश्चिम सिंहभूम | - | - |
| 25. | जिला अन्यत्र वर्गीकृत नहीं | 14.73 | 20.46 |
| कुल | | 34.72 | 59.03 |

(31.03.2025 तक के आंकड़े) [स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ]

*****

**अनुलग्नक-III**

**दिनांक 01.12.2025 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 के उत्तर में पैरा (क) और (ख) से संदर्भित अनुलग्नक**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए झारखंड में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा विकास क्षेत्रवार सीएसआर व्यय।** | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | विकास क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 1. | शिक्षा | | 2.27 |
| 2. | स्वास्थ्य देखभाल | 1.58 | 3.68 |
| 3. | गरीबी, भुखमरी का उन्मूलन, कुपोषण | 0.09 | - |
| 4. | ग्रामीण विकास परियोजनाएं | - | |
| 5. | स्वच्छता | - | 0.42 |
| 6. | सामाजिक-आर्थिक समानताएं | - | - |
| 7. | विशेष शिक्षा | - | - |
| 8. | व्यावसायिक कौशल | - | 0.38 |
| 9. | महिला सशक्तिकरण | 0.11 | - |
| कुल | | 1.78 | 6.75 |

(31.03.2025 तक के आंकड़े) [स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ]

***

**अनुलग्नक-IV**

**दिनांक 01.12.2025 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 के उत्तर में पैरा (क) और (ख) से संदर्भित अनुलग्नक**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए झारखंड में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा विकास क्षेत्रवार सीएसआर व्यय। | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | विकास क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 |
| 1. | पशु कल्याण | 0.27 | - |
| 2. | सशस्त्र बल, पूर्व सैनिक, युद्ध विधवाएं/आश्रित | - | 0.23 |
| 3. | कला और संस्कृति | 0.04 | 0.08 |
| 4. | प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण | 0.68 | 2.05 |
| 5. | शिक्षा | 5.49 | 6.15 |
| 6. | पर्यावरणीय स्थिरता | 0.45 | 1.83 |
| 7. | स्वास्थ्य सेवा | 9.50 | 9.42 |
| 8. | आजीविका संवर्धन परियोजनाएं | 0.60 | 3.41 |
| 9. | गरीबी, भुखमरी का उन्मूलन, कुपोषण | 0.30 | 4.40 |
| 10. | ग्रामीण विकास परियोजनाएं | 2.56 | 6.46 |
| 11. | सुरक्षित पेयजल | 3.79 | 9.75 |
| 12. | स्वच्छता | 1.42 | 3.49 |
| 13. | वरिष्ठ नागरिक कल्याण | 0.03 | 0.15 |
| 14. | सामाजिक-आर्थिक समानताएं | - | - |
| 15. | विशेष शिक्षा | 2.63 | 1.84 |
| 16. | खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण | 5.93 | 8.03 |
| 17. | व्यावसायिक कौशल | 1.02 | 1.61 |
| 18. | महिला सशक्तिकरण | - | 0.15 |
| कुल | | 34.72 | 59.03 |

(31.03.2025 तक के आंकड़े) [स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ]

***